# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com ● राहतगढ़ ● खुरई ● पथरिया ● सिलवानी ● गैरतगंज ● गंजबासौदा ● सिरोंज ● बीना ● शमशाबाद

भोपाल 6 फरवरी 2026


### आरोपी रिश्तेदार कर रहा था परेशान, थाना पुलिस की लापरवाही चर्चा में

# नर्स हत्याकांड : जन आक्रोश के बाद एनएच पर चक्काजाम, मेडिकल स्टोर व स्वास्थ्य केंद्र रहे बंद

**जागरण, शाहगढ़/सागर।** शाहगढ़ में बुधवार की रात हुए सनसनीखेज घटनाक्रम का असर दूसरे दिन नजर आया। आक्रोशित परिजनों और नागरिकों ने चक्काजाम कर कड़ा विरोध जताया। वहीं स्वास्थ्य केंद्र के साथ नगर के मेडिकल स्टोर्स भी बंद रहे। मामले में संदेह की सुई मृतका नर्स के एक रिश्तेदार पर टिकी है जो उसे कथित तौर पर उसे लगातार परेशान कर रहा था।

थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम 8 बजे स्टाफनर्स की हत्या मामले में जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ में खौफ है। वहीं पूरे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश देखा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नर्स दीपशिखा चढ़ार उम्र 25 वर्ष निवासी पाटन जबलपुर की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस पूरे मामले में गुरुवार को भारी विरोध देखने को मिला है। विरोध के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन ताला लगा रहा एवं नगर के मेडिकल स्टोर बंद रहे। वहीं सुबह साढ़े दस बजे से मृतका के परिजनों एवं स्टाफ सहित क्षेत्र के लोगों ने शाहगढ़ में नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। लगातार चार घंटे चले चक्काजाम में भी प्रशासन एवं पीड़ितों के बीच समाधान नहीं हुआ। जिसके बाद पीड़ितों ने फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। मौके पर बंडा एसडीओपी प्रदीप बाल्मिकी, एसडीएम नवीन सिंह, तहसीलदार जीसी राय सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।





### नर्स का रिश्तेदार बना रहा था शादी का दबाव

घटना बुधवार रात्रि 8 बजे की है जब ड्यूटी के लिए जा रही स्टाफनर्स दीपशिखा को अज्ञात युवक जो पहले से घटनास्थल के पास छिपा हुआ था उसने नर्स को झपट्टा मारकर नीचे गिरा दिया एवं पिस्टल से दो फायर कर मौके से भाग गया। घटना में नर्स की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास की दुकानों पर लोग खड़े थे, वो घटना को अंजाम देने वाले के पीछे भागे लेकिन आरोपी अंधेरे का लाभ लेकर भाग गया। पुलिस को तत्काल सूचना दी गई। मौके पर पुलिस ने आसपास सर्च किया लेकिन आरोपी तब तक भाग गया था। परिजनों के अनुसार पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्यारा जबलपुर के पनागर का है जो मृतका नर्स का रिश्तेदार है। सूत्रों के अनुसार दो साल पहले दोनों एक दूसरे के करीब थे लेकिन दो साल से युवक नर्स पर शादी का दबाव बना रहा था जिससे दोनों के बीच विवाद चल रहा था। विवाद के चलते युवक ने बुधवार को घटना को अंजाम दिया।

### पुरानी फोटो वायरल करने पर हुआ विवाद

परिजनों के बताए अनुसार पुलिस की प्रारंभिक जांच में जिस आरोपी युवक का नाम आ रहा है, उसने दो साल पहले अपने ओर दीपशिखा के प्रेम प्रसंग की तस्वीरें वायरल की थीं, जिसकी पाटन थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। उसके बाद एक बार फिर परेशान करने को लेकर पाटन थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। शाहगढ़ थाना में आवेदन दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण सामने नाम आ रहे युवक के हौसले बुलंद रहे जिससे उसने सरेआम घटना को अंजाम दे दिया। बुधवार को घटना के बाद देर रात एडिशनल एसपी संजीव उईके एवं बंडा एसडीओपी प्रदीप बाल्मिकी घटना स्थल पहुंचे थे जहां घटनास्थल पर जांच कर टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार शीघ्र घटना के आरोपी के नाम का खुलासा हो जाएगा।

### रुद्राक्ष धाम पहुंचे पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री पटेल



**जागरण, सागर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के रुद्राक्ष धाम आगमन पर पूर्व गृह मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने अगवानी की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री श्री पटेल का स्वागत किया। प्रवास के दौरान मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रुद्राक्ष धाम स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा आरती में भाग लिया।

### वित्तीय साक्षरता युवाओं के लिए कौशल है : डॉ.गुप्ता

**जागरण, सागर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में रीजनल इन्वेस्टर सेमिनार फॉर अवेयरनेस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और स्टाफ को पूंजी बाजार, निवेश के अवसरों तथा वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना रहा। सेमिनार में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के डिप्टी मैनेजर नितिन त्रिपाठी ने शेयर बाजार की कार्यप्रणाली, सुरक्षित निवेश के सिद्धांत, म्यूचुअल फंड, आईपीओ और डिजिटल ट्रेडिंग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही निवेश से जुड़े जोखिम, फ्रॉड से बचाव और सेबी द्वारा निर्धारित निवेशक संरक्षण उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ.सरोज गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक वित्तीय समझ प्रदान करते हैं जिससे वे भविष्य में बेहतर आर्थिक निर्णय ले सकें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.अमर कुमार जैन एवं सेबी विषय विशेषज्ञ डॉ.सुनील शर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को वित्तीय साक्षरता के महत्व से अवगत कराया तथा बताया कि युवाओं में निवेश जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है ताकि वे सही जानकारी के आधार पर दीर्घकालिक निवेश की ओर अग्रसर हों और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।

## सागर की लाइफलाइन राजघाट पहुंचकर जांची पानी की गुणवत्ता

### अपर सचिव ने लॉग बुक चैक कर जानकारी ली



**जागरण, सागर।** सागर की लाइफ लाइन राजघाट पहुंचकर अपर सचिव संजय दुबे ने पानी की गुणवत्ता एवं लॉग बुक की जांच की और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जीआर, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री सहित भोपाल और सागर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने गुरुवार को सागर की लाइफलाइन राजघाट पहुंचकर शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल शोधन प्रक्रिया, जल गुणवत्ता परीक्षण प्रणाली तथा संबंधित अभिलेखों की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री दुबे ने पानी की गुणवत्ता जांच से संबंधित लॉग बुक का अवलोकन किया तथा मौके पर ही जल नमूने की जांच कराई। परीक्षण में पानी का पीएच स्तर 7.30 पाया गया जो मानक अनुरूप एवं पेयजल हेतु उपयुक्त है। उन्होंने उपस्थित केमिस्ट से परीक्षण प्रक्रिया, उपयोग किए जा रहे रसायनों एवं गुणवत्ता नियंत्रण की पद्धति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य सचिव ने क्लोरीन हाउस का भी निरीक्षण किया तथा टाटा द्वारा निर्मित 5.7 एमएलडी क्षमता वाले फिल्टर हाउस में स्थापित स्काडा सिस्टम का अवलोकन किया। उन्होंने सिस्टम के माध्यम से जल आपूर्ति की निगरानी एवं नियंत्रण व्यवस्था की जानकारी ली तथा इसके प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लीकेज की लगातार मॉनिटरिंग की जाए एवं सुधार कार्य किया जावे। कहीं भी किसी भी प्रकार के दूषित पानी का वितरण न हो इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जावे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाए और नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता हो।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सागर की लाइफ लाइन राजघाट परियोजना में सागर शहर के 48 वार्ड एवं मकरोनिया सागर के 18 वार्ड तथा छावनी मंडल में लगभग छह लाख की आबादी को जल प्रदान किया जाता है। बांध की क्षमता 62.67 लाख घन मीटर है, जल संग्रहण क्षेत्र 472 वर्ग किलोमीटर है। फिल्टर हाउस की क्षमता 88.20 एमएलडी की है। जल वितरण प्रणाली के अंतर्गत कुल 8 ओवर हैड टैंक नगर निगम क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं जिसमें 390 किलोमीटर नवीन एवं 40 किलोमीटर पुरानी पाइप लाइन का नेटवर्क स्थापित है। 1 जनवरी 2025 से टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा एमपी यूडीसी के मार्गदर्शन में संचालन एवं संधारण किया जा रहा है। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुक्त कार्यपालन यंत्री प्रदीप मिश्रा, एसडीएम अमन मिश्रा, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन मेघ तिवारी, आकाश अग्रवाल, रामाधार तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसआईआर कार्य की समीक्षा की

**जागरण, सागर।** कलेक्टर ने अपर कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपर कलेक्टर अविनाश रावत से एसआईआर के कार्य की जानकारी ली एवं प्रगति की समीक्षा की। संदीप जीआर ने निर्देश दिए कि जिले में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत सुनिश्चित किया जाए कि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की विसंगति न पैदा हो। विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## निर्देश: परीक्षा केंद्रों के समीप ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक

**जागरण, सागर।** कलेक्टर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल आयोजित बोर्ड परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास सीमा से 200 मीटर के अंदर जुलूस, धरना, प्रदर्शन, आम सभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन सहित ध्वनि विस्तार यंत्रों पर धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। उक्त आदेश दिनांक 10.02.2026 से 10.04.2026 की मध्य रात्रि तक प्रभावशील रहेगा। कार्यालय कलेक्टर से जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार 10वीं, 12वीं परीक्षा तक जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में संचालित होगी। परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग होने से न्यूसेंस पैदा होने की आशंका है, इस कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा देने में कठिनाई हो सकती है। परीक्षा केंद्रों एवं परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत कानून व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करने के लिए सांप्रदायिक सद्भाव, लोक व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक एवं शरारती तत्वों को पूर्णतः प्रतिबंधित करने की आवश्यकता है। कोई व्यक्ति राजनीतिक दल, छात्र/कर्मचारी संगठन, संघ, ट्रेड यूनियन तथा अन्य कोई संघ/संगठन उपर्युक्त उल्लेखित परिसरों की सीमा से 200 मीटर के अंदर जुलूस, धरना, प्रदर्शन, आम सभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन नहीं करेगा और न ही किसी प्रकार के अनुचित संसाधनों का प्रयोग करेगा। साथ ही मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 अंतर्गत संपूर्ण जिला की सीमा में अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित है तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। इस संबंध में मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के सुसंगत धाराओं एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाये। आदेश का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

### जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

**जागरण, सागर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सागर श्री विवेक के बी द्वारा शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सागर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान डाइट में संचालित डी.एल.एड. कक्षाओं का अवलोकन किया, कक्षाएं विधिवत संचालित पाई गई, कक्षा में योग विषय के कालखण्ड में छात्राध्यापकों से बात कर उन्हें आदर्श शिक्षक बनने प्रोत्साहित करते हुये कहा कि योग से तन स्वस्थ्य, मन शांत, आत्म विश्वास में बृद्धि, बुद्धि का विकास होता है जिससे हम जीवन की सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होते है। तत्पश्चात् संस्थान का भ्रमण किया गया। संस्थान के प्राचार्य अखिलेश पाठक से डाइट में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं प्रशिक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की व उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये संस्थान की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की गई।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**जागरण, राहतगढ़।** ब्लॉक के ग्राम बिचपुरी के श्री बांके बिहारी जी मंदिर राज मंदिर में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 8 से 14 फरवरी तक दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। 8 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया जाएगा। पंडित संजय रिछारिया शास्त्री जी द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। 15 फरवरी को भंडारे के साथ महाप्रसादी वितरण की जाएगी। आयोजक ग्रामवासी बिचपुरी बेरखेड़ी दातपुर व समस्त क्षेत्रवासी एवं सरपंच प्रदीप साहू श्रीकांत साहू रमाकांत साहू बिचपुरी ने सभी धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## दिव्यांगों के प्रमाण-पत्र के लिए शिविर आयोजित करें

**जागरण, सागर।** दिव्यांगों की सुविधा के लिए उनके प्रमाणपत्र बनाने के लिए स्कूल कॉलेज सहित जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कैंपों का आयोजन किया जावे जिससे उनके दिव्यांगों की प्रमाणपत्र आसानी से बनाया जा सके। उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने मासिक समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी धन सिंह यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सभी कैंपों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराए जिससे कि दिव्यांगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े संभाग कमिश्नर सुचारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि दिव्यांगों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध हो इसके लिए भी पूर्व से तैयारी सुनिश्चित राखी जावे और संसाधन उपकरण हमेशा सामाजिक न्याय विभाग में उपलब्ध देना है।

### दिव्यांगों को उपकरण उपलब्ध कराएं

उन्होंने कहा कि एलएमको के माध्यम से दिव्यांगों का प्रशिक्षण समय-समय पर किया जाए एवं उनका उपकरण भी उपलब्ध कराई जावे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग के द्वारा प्रदान की जाने वाली समस्त प्रकार की पेंशनों का भुगतान भी समय सीमा में किया जाए एवं पेंशनरों को आने वाली समस्याओं का निराकरण भी समय सीमा में किया जाए उन्होंने कहा कि देखने में आता है कि बुजुर्ग पेंशनर ऑन की ईकेवाईसी आधार अपडेट बैंक डीपीटी सहित अन्य समस्याएं आती हैं उनको भी निराकरण किया जावे। संभाग कमिश्नर ने कहा कि पात्र दिव्यांगों के लिए मोटेट ट्राई साइकिल उपलब्ध कारण एवं जो मोटेट ट्राई साइकिल के लिए पत्र नहीं है उनके लिए साधारण ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जावे। इसी प्रकार कान की मशीन बैसाखी का स्टॉक हमेशा रखा जाए और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उनको उपलब्ध कराए। उन्होंने निर्देश दिए कि सामाजिक न्याय विभाग की सभी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए जिससे कि शासन की मनसा अनुसार सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा सके।

**समीक्षा बैठक** | 15 अप्रैल तक कनेरादेव आवासों में कराएं गृह प्रवेश, विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# एसीएस ने दिए विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**जागरण, सागर।** प्रदेश के अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे ने सागर प्रवास के दौरान शहर में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की सघन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूरे करने के कड़े निर्देश दिए। मैनपानी और कनेरादेव आवास परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। एसीएस दुबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए दो प्रमुख निर्णय लिए। भूमि हस्तांतरण में मैनपानी आवास परियोजना की राह में आ रही प्रशासनिक अड़चनों को दूर करते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि राजस्व विभाग की भूमि को तत्काल नगर निगम के नाम हस्तांतरित किया जाए। इससे परियोजना के विस्तार और बुनियादी ढांचा तैयार करने में गति आएगी। दूसरा डेडलाइन तय करने को लेकर कनेरादेव आवास परियोजना के हितग्राहियों के लिए बड़ी खुशखबरी देते हुए उन्होंने अधिकारियों को 15 अप्रैल तक हर हाल में गृह प्रवेश कराने का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा कि फिनिशिंग कार्य युद्धस्तर पर पूरे किए जाएं ताकि गरीब परिवारों को समय पर अपना घर मिल सके।




### सीवरेज सिस्टम में 60 हजार घरों को जोड़ने का लक्ष्य

शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को लेकर एसीएस ने लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कम्पनी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के तहत निर्धारित सभी 60 हजार सीवरेज कनेक्शन अनिवार्य रूप से प्रदान किए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि सड़कों की खुदाई के बाद उनका रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि जनता को आवागमन में किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यक्षमता का भी परीक्षण नियमित रूप से हो। एसीएस संजय दुबे ने अपने सागर प्रवास के दौरान स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों और अमृत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सागर शहर में स्मार्ट सिटी के कार्य दिखते हैं जिससे शहर और सुंदर एवं व्यवस्थित हो गया है।

### रैंकिंग सुधारने पर जोर

आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर श्री दुबे ने नगर निगम की टीम को श्एक्शन मोड में रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल सफाई ही पर्याप्त नहीं है बल्कि कचरे का सही प्रबंधन और सौंदर्यीकरण भी आवश्यक है। उन्होंने वार्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाने और नागरिकों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन, सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना, स्वनिधि, शहरी सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत जीआईएस, एमपीएचएस प्रोजेक्ट, ई-नगर पालिका जैसे विभिन्न विषयों की भी समीक्षा की। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और उत्तरदायी अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुए तो सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्मार्ट सिटी के कार्यों और अमृत योजना की भी समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जीआर, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, मेघ तिवारी, सचिन मसीह, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि सहित भोपाल और सागर के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।


**CHANGE OF NAME**

I , **MAYAVATI BALAJI CHAVAN** , IS LEGALLY WEDDED SPOUSE OF ARMY NO.-**4582690A**,RANK.-**L/NK**, NAME-**CHAVAN BALAJI VITHAL** SERVING IN **INDIAN ARMY**, HOME ADDRESS - VILL.-**DAUR**, POST- **BHOKAR**, DIST.-**NANDED,** STATE- **MAHARASHTRA** PIN CODE-**431801,** HAVE CHANGED MY NAME FROM **MAYAVATI BALAJI CHAVAN** TO **MAYAWATI BALAJI CHAVAN** VIDE AFFIDAVIT DATED 05/02/2026 EXECUTEDBEFORE DISTRICT COURTSAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, **NISHA**, IS SPOUSE OF ARMY NO-**17009233F**,RANK-**NK**, NAME **JAIVEER SINGH** SERVING IN **INDIAN ARMY** HOME ADDRESS -VPO- **SULKHNIA BARA,** TEHSIL-**RAJGARH**, DIST.-**CHURU,** STATE-**RAJASTHAN** ,PIN CODE-**331303,**HAVE CHANGED MY NAME FROM **NISHA** TO **NISHA SHEKHAWAT** VIDE AFFIDAVIT DATED 05/02/2026 EXECUTEDBEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P.

**CHANGE OF NAME**

I, **SHEETAL RANA** IS DAUGHTER OF NO. JC-571043-F RANK **SUB MAJ** NAME **KAMAL SINGH PRESENTLY** SERVING IN **INDIAN ARMY** HOME ADDRESS VILL & POST **MALAHU** TEH- **PALAMPUR,** DIST. **KANGRA**, **HIMACHAL PRADESH PIN CODE-176087,** HAVE CHANGED MY NAME FROM **SHEETAL** TO **SHEETAL RANA** VIDE AFFIDAVIT DATED 05/02/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT AKOLA MAHARASHTRA

**CHANGE OF NAME AND DOB**

I, **BYASA DEVI** IS MOTHER OF NO. JC-571043-F RANK **SUB MAJ** NAME **KAMAL SINGH PRESENTLY** SERVING IN **INDIAN ARMY** HOME ADDRESS VILL & POST- **MALAHU** TEH- PALAMPUR, DIST. **KANGRA, HIMACHAL PRADESH PIN CODE-176087**, HAVE CHANGED MY NAME FROM **BISA DEVI** TO **BYASA DEVI AND MY DATE OF BIRTH** FROM . **05-03-1938** TO **01-01-1943** VIDE AFFIDAVIT DATED 05/02/2026 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT **AKOLA MAHARASHTRA**

## न्यूज कार्नर

### विखं स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**दमोह।** जिपं उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे के मुख्य आतिथ्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत माय भारत दमोह जिला युवा अधिकारी उपनिदेशक रोहित यादव के मार्गदर्शन तथा संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति ग्राम पंचायत बांसा कलां पथरिया द्वारा थीम स्वास्थ्य राष्ट्र, समृद्ध राष्ट्र पर 3 से 4 फरवरी को श्री देव बड़े हनुमान मंदिर परिसर बांसाकलां में विखं स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान रमेश कुशवाहा, यतेन्द्र सिंह बांसाकलां, डॉ. अशोक सिंह ठाकुर, ईश्वरदास पटेल साईं बाबा, विखं समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय, असगर खान, दयाराम पटेल, मुरलीधर पाल, जगत सिंह राजपूत, मंगल सिंह ठाकुर, घूमन प्रसाद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता ठाकुर नागरिक उपस्थित रहे।

### दूल्हे ने जताई घोड़ी चढ़ने की इच्छा, मांगी सुरक्षा

**हटा।** थाना क्षेत्र के कुआंखेड़ा मेहदेला गांव निवासी बंसल परिवार के दूल्हे ने अपनी शादी में घोड़ी चढ़ने की इच्छा जताई है। फरियादी नंदू बंसल की ओर से परिजनों और अनुसूचित जाति महासभा से जुड़े लोगों ने पुलिस अधीक्षक दमोह को ज्ञापन सौपकर सुरक्षा देने की मांग की। बंसल समाज के लोगो ने बताया कि आजादी के 75 साल बीतने के बाद भी उनकी समाज का कोई दूल्हा घोड़ी नहीं चढ़ा। दबंगों के भय से वर्षो से यह परंपरा चली आ रही लेकिन अब उनकी समाज के दूल्हे भी घोड़ी चढ़ना चाहते हैं। 5 फरवरी को शादी में सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई। इधर मामला प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद तत्काल ही पटेरा तहसीलदार उमेश तिवारी, हटा थाना पुलिस गांव पहुंची, शादी वाले घर पहुंचकर लोगों से बात की अन्य समाज के ग्रामीणों से भी चर्चा की। जिसमें फिलहाल किसी समाज विशेष के दूल्हे को घोड़ी चढ़ने पर रोक की जानकारी सामने नहीं आई।

### सूने घर में अज्ञात चोर ने किया हाथ साफ

**बीना जागरण।** आगासौद रोड स्थित एक दुकान में अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़कर तीस हजार रूपये चुरा लिये। जिसकी शिकायत दुकानदार ने थाने में दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी दुकान संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आगासौद रोड कटरा मंदिर के पास उसकी नायक ऑटो पार्ट्स नाम से दुकान है जिसमें ऊपर की मंजिल पर वह अपने परिवार के साथ निवास करता है। 31 जनवरी को अपने परिवार के साथ रिश्तेदार की शादी में नागपुर गया था। बुधवार को जब वह अपने घर वापिस आया तो देखा कि उसकी दुकान के ताले टूटे हुये हैं। जब वह अपने घर के अंदर पहुंचे तो उनकी कमरों के दरवाजे खुले पड़े हैं। घर के अंदर रखी अलमारी एवं सूटकेश का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे तीस हजार रूपये गायब हैं। जब उन्होंनें कैमरों में देखा तो एक अज्ञात चोर 04 फरवरी की रात्रि करीब 01 बजे मेरी दुकान का ताला तोड कर अंदर गया और चोरी की फिर करीब 01.50 बजे वह दुकान के ताले तोड़ रहा है। जिसके बाद वह घर के अंदर दाखिल हुआ और घर में रखे रूपये चुरा लिये। लगभग चोर घर अंद एक घंटे तक घुरा रहा। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होनें बताया कि घटना की जानकारी उन्होनें रंजीत सिंह ठाकुर, संजीव सिंघई को बताई जिन्होने भी घर आकर देखा। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात चोर ने मैदान में रखी बाइक चुराई

**बीना जागरण।** विगत दिनों खिमलासा रोड स्थित बस स्टेण्ड के सामने से एक व्यक्ति की मोटरसाईकिल चोरी हो गई। जिसकी शिकायत उसने थाने में दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अताह खान आयु 30 वर्ष पिता इस्तखार खान निवासी चक्क बासौदा थाना कुरवाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 12 जनवरी को वह बीना कप टूर्नामेंट में मैच देखने आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 40 एमएल 3006 टूर्नामेंट के पार्किंग में रख दी थी। मैच समाप्त होने के बाद जैसे ही वह वापिस आया तो उसकी मोटरसाईकिल क्रमांम एमपी 40 एमएल 3006 वहां नहीं थी। उसने अपनी मोटरसाईकिल को काफी जगह तलाश किया, लेकिन उसे अपनी मोटरसाईकिल नहीं मिली। जिसकी शिकायत उसने बुधवार को बीना थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला धारा 303(2) बी.एन.एस. के तहत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बांदकपुर में बैठक संपन्न

# शिवरात्रि पर्व के अवसर पर होने वाले मेले में दुरुस्त रहेगी व्यवस्थाएं : कलेक्टर

**जागरण दमोह।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ बांदकपुर में एक बैठक ली। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन के साथ सभी ट्रस्टी गण उपस्थित थे। कलेक्टर ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एक.एक बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को ट्रस्ट प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि 15 फरवरी से पहले सारी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद व्यवस्थित रूप से हो जाएं। उन्होंने कहा शिवरात्रि पर्व को लेकर मेला के दौरान पूरी व्यवस्थाएं रहेंगी। पार्किंग से लेकर के, साफ सफाई और रुकने की व्यवस्था, कावड़ियों को ठहरने की व्यवस्था, दर्शन की व्यवस्थाएं, सारी व्यवस्थाओं के बारे में बहुत विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा बेहतर से बेहतर



प्रबंधन करने के प्रयास किये जायेंगे क्योंकि दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दर्शनार्थी आनंद और आस्था के साथ दर्शन करने आते हैं, उनको अच्छे से अच्छा अनुभव यहां पर मिले, यही प्रयास रहेगा।

उन्होने बताया गर्भगृह में दर्शनार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा, बाहर से ही दर्शन की व्यवस्था रहेगी। पिछली बार बहुत अच्छे तरीके से व्यवस्था हुई और किसी प्रकार से भगदड़ या कोई ऐसी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हुई। 15 फरवरी के दिन भी यही व्यवस्था लागू रहेगी और परिस्थितियों को देखते हुए फिर आगे निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने पूरे मंदिर परिसर, पूरे मार्ग का अवलोकन भी किया। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया बुंदेलखण्ड के सभी अंचलो से लोग यहाॅ बांदकपुर आते है जिसमें कांवडिया और दमोह के लोकल लोग भी बडी संख्या में शामिल होते है। पुलिस प्रशासन का प्रयास रहता है कि दर्शनार्थियों को अच्छे से दर्शन करा सके, किसी भी प्रकार से अव्यवस्था न हो। इस बार सुरक्षा व्यवस्था के लिए कैमरे लगाने के सुझाव मंदिर प्रबंधन को दिए गये है। साथ ही किसी प्रकार की धक्का मुक्की नहीं हो इसके लिए बैरिकेड्स की इस बार और पुख्ता व्यवस्था की जा रही है। इस बार कम से कम 400 से 500 जिला बल तैनात रहेगा। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश मेहता उपाध्यक्ष राजकुमारी सिंह, सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव, प्रबंधक रामकृपाल पाठक, सदस्य उमा प्रसाद असाटी, सदस्य गोविन्द तिवारी मौजूद थे।

## शबरी की तरह निष्ठा हो तो भगवान जरूर मिल जाते हैं : प्रेमभूषण महाराज



पूर्णाहुति कथा में आज केंद्रीय मंत्री शिवराज होंगे शामिल

**जागरण, सागर।** दुनिया में केवल सनातन धर्म ही तप करने की उचित प्रेरणा देता है। हमारे लगभग सभी सद्ग्रंथ यही बताते हैं कि बिना तप के कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। हमारी संस्कृति यह सिखाती है कि तप करने में ही सुख हैए भोग में नहीं। मनुष्य की योनि तप करने के लिए ही है। जीव की बाकी की सभी योनियां भोग योनि कही जाती हैं। उक्त बातें रुद्राक्ष धाम में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का गायन के छठे सत्र में पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं। छठे दिवस मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा सहित अनेक विधायकों, पूर्व विधायकों, जनप्रतिनिधियों ने कथा श्रवण कर व्यासपीठ व श्री रामायण जी का आरती पूजन किया। पूज्यश्री के मीडिया प्रभारी तारकेश्वर मिश्रा ने बताया कि पूर्णाहुति सत्र की कथा शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक होगी और इसके बाद दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया है। समापन दिवस पर केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित अनेक अतिथि कथा आयोजन में शामिल होंगे। प्रेमभूषण महाराज ने भगवान की मंगल वन यात्रा के प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि श्रद्धा में अर्पण और समर्पण हो तो श्रद्धा अवश्य फल प्रदान करती है। हम जो करते हैं उस पर हमें ही विश्वास नहीं होता है तो फिर कैसे भगवान का दर्शन होगा। खटपट मिटे तो झटपट दर्शन होगा। लाख कोई समझाए भटकना नहीं है। जो इष्ट हैं उनमें केवट भैया और शबरी मैया की तरह से निष्ठ रहना है। सुग्रीव जी की तरह नहीं बनाना है। भगवान से मिलने के बाद भी संसार में लिपटकर भगवान को ही भूल गए। महाराज श्री ने कहा कि कथा सबके भाग्य में नहीं होती है। कथा तो मनुष्य के अपने-अपने पुण्य का परिणाम होती है। जो मनुष्य विषयों से स्वयं को दूर ले जाकर भगवान की ओर ले जाने का प्रयास करता है वही पुण्य एकत्रित करने में सफल हो पाता है। स्नेहा समर्पण से प्राप्त होता है। जिसका जितना अधिक समर्पण होता है भगवान भी उसे उतना ही स्नेह करते हैं। जब हमारे स्वयं के समर्पण में कमी आती है तो हम किसी से भी स्नेह की अपेक्षा कैसे कर सकते हैं। केबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटैल ने कहा कि मैं पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह को धन्यवाद देता हूं कि रुद्राक्ष धाम जैसा स्थान उन्होंने बनाया है। यह स्थान हमेशा रहेगा, इसकी उपयोगिता रहेगी, उनका संदेश रहेगा और जिसे इसका लाभ लेना होगा उसे जरूर मिलेगा। पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रहलाद पटेल संत राजनेता हैं, ऐसे नेता राजनीति में दुर्लभ होते हैं। दो बार मां नर्मदा जी की परिक्रमा की है और अब उनकी बिटिया प्रतिज्ञा जी नर्मदा परिक्रमा कर रही हैं।

# फैक्ट्री का गेट बंद करके आंदोलन करना उचित नहीं : प्रबंधक दुबे

**जागरण दमोह।** मायसेम सीमेंट फैक्ट्री के प्रबंधक सुरेश दुबे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि द्रगपाल लोधी एवं मुकेश पटेल द्वारा बीते कुछ दिन पूर्व भीड़ एकत्रित कर फैक्ट्री का मेन गेट बंद करके यह मांग रखी गई कि स्थानीय एवं क्षेत्रीय लोगों को फैक्ट्री में काम दिया जाए जिससे न केवल फैक्ट्री प्रबंधन को परेशानी हुई बल्कि काम करने वाले कर्मचारियों को भी अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ा उन्होंने कहा कि 44 वर्षो से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्र के लोग फैक्ट्री में काम कर रहे हैं और रोजी-रोटी कमा रहे हैं। कर्मचारी वर्ग में लगभग 97 प्रतिशत लोग मध्यप्रदेश के हैं इसमें भी 85 प्रतिशत लोग दमोह जिले के एवं आसपास के क्षेत्र के लोग हैं फैक्ट्री प्रबंधन एवं टेक्नीशियन विभाग में भी दमोह जिले के लोग बड़े-बड़े पदों पर काम कर रहे हैं, उसके बाद भी सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाकर गलत तरीके से आंदोलन करना उचित नहीं है यह मांग ही निराधार है एवं कोई सोची समझी रणनीति के तहत की जा रही है उन्होंने कहा कि पहले तथ्य पूर्ण जानकारी लेना चाहिए उसके बाद शांतिपूर्ण ढंग से कोई मांग



रखी भी जा सकती है अगर मांग सही है तो प्रबंधन सुनने के लिए तैयार है लेकिन जिस जोर जबरदस्ती के साथ यह आंदोलन किया गया यह उचित नहीं है उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में फैक्ट्री में जितने लोग काम कर रहे हैं उनकी जानकारी भी सूची बनाकर जिला प्रशासन को सौंप दी गई है जिसमें स्पष्ट है कि फैक्ट्री में लगभग 97 प्रतिशत लोग मप्र के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि फैक्ट्री के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 3 करोड रुपए सामाजिक सरोकार के कार्यों में एवं आसपास के विकास कार्यों में खर्च किया जाता है। उन्होंने इस बात की भी आशंका व्यक्त की फिर से भीड़ एकत्रित कर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ निराधार मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी की जा रही है। फैक्ट्री में अनावश्यक आंदोलन ना हो और जनता तक सही जानकारी पहुंचने का वह मीडिया के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं। फिर भी किसी आसामाजिक तत्वों के द्वारा पुनः कोई आंदोलन करने की कोशिश की जाती है तब वह ऐसे लोगों के खिलाफ कानून कारवाई करने मजबूर होंगे।

### विधिक जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में शासकीय महाराणा प्रताप उमा विद्यालय दमोह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य जितेन्द्र कुमार राय सहित तथा छात्रगण उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश धर्मेश भट्ट ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुये बताया कि हमारे संविधान में विवाह हेतु लड़की के लिए 18 वर्ष एवं लड़के के लिए 21 वर्ष की आयु निर्धारित है। उक्त आयु से कम आयु के लड़के या लड़की का विवाह कराया जाना दण्डनीय अपराध है। बाल विवाह की घटनाओं की सूचना चाइल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 पर कर सकते है, साथ ही आपके द्वारा लैंगिक असमानता एवं बच्चों के साथ हो रहे अपराधों के विषय में, बाल विवाह एवं उसकी रोकथाम, करियर के चयन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

## बाल विवाह मुक्त प्रचार रथ यात्रा का समापन

**जागरण दमोह।** आकांक्षी ब्लॉक तेन्दूखेड़ा के विभिन्न गावों मे संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह द्वारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत बाल विवाह रोकने एवं बाल अधिकारों के प्रति आमजन मे जागरुकता लाने 26 जनवरी से एक बाल विवाह मुक्त भारत प्रचार रथ निकाला गया। उक्त प्रचार रथ यात्रा का 5 फरवरी को ग्राम पतलौनी में विधिवत मंचीय कार्यक्रम के साथ समापन किया गया। इस संबंध में संस्था के देवेन्द्र दुबे, सुजात खान ने बताया कि भारत सरकार व्दारा विगत 27 नवंबर 2025 से आगामी 8 मार्च 2026 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। सरकार के इसी अभियान के सशक्तिकरण को लेकर प्रचार रथ द्वारा आकांक्षी ब्लॉक तेन्दूखेड़ा के अनेक गावों एवं पंचायतों का भ्रमण किया गया।

# भरछा के शिव मंदिर में तोड़फोड़ से आक्रोशित ग्रामीणों ने उप्र मार्ग पर किया चक्काजाम





**बीना जागरण।** बीना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरछा में शराब के नशे में एक युवक द्वारा मंदिर में तोड़फोड़ किए जाने की घटना से गांव में तनाव की स्थिति बन गई। आरोपी ने भगवान शिव परिवार की प्रतिमाओं को खंडित कर दिया और धार्मिक पुस्तकों को जला दिया। घटना के विरोध में गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने बालावेहट से उत्तर प्रदेश जाने वाले मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खिमलासा अंतर्गत ग्राम भरछा में बुधवार रात करीब 9 बजे गांव का ही निवासी शिवराज लोधी शराब के नशे में प्रभाल सिंह लोधी के खेत पर बने मंदिर में घुस गया। आरोपी ने मंदिर में स्थापित शिवजी की प्रतिमा पर पत्थर से हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया, साथ ही धार्मिक पुस्तकों एवं पूजन सामग्री को भी आग के हवाले कर दिया। बाहर निकाले जाने पर उसने तुलसी चबूतरे को भी तोड़ने का प्रयास किया। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए। ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों ने बालावेहट उत्तर प्रदेश मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। चक्काजाम की सूचना पर बीना एसडीओपी, खिमलासा थाना प्रभारी सहित आसपास के थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाइश दी। खुरई एसडीएम मनोज चौरसिया ने बताया कि मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की सूचना मिली है, पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। थाना खिमलासा पुलिस ने फरियादी प्रभाल सिंह लोधी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 299, 326 (जी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को 6 फरवरी को जेएमएफसी खुरई न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार वर्तमान में गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर 8 फरवरी को होगा हिन्दू सम्मेलन

**बीना जागरण।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद द्वारा बीना नगर में एक विशेष हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन



8 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से नगर के जागेश्वरी मंदिर के पास आयोजित किया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित सम्मेलन में नगर के सभी नागरिकों को सहभागिता के लिए पारंपरिक रूप से पीले चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता एवं एकता की भावना को मजबूत करना है। विश्व हिंदू परिषद पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील सिरोठिया, उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह जस्सी, जिला मंत्री शिवम पाठक, मीडिया प्रभारी राकेश जैन सहित परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल आरएसएस के शताब्दी वर्ष का स्मरणीय अवसर है, बल्कि समाज को एकजुट करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। आयोजकों ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें और हिंदू सम्मेलन में सहभागिता कर इसे सफल व यादगार बनाएं।

# ई-टोकन, नरवाई प्रबंधन एवं जैविक खेती पर किसानों को दी जानकारी

### किसान कल्याण वर्ष के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**बीना जागरण।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत बुधवार को विकासखंड बीना की बमोरा में कृषि रथ का आगमन हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों को शासन की विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं, नवीन तकनीकों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और उन्होंने योजनाओं के बारे में उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी एवं सुगम कृषि सेवाओं के लाभ बताए गए। साथ ही नरवाई प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि फसल अवशेष जलाने से भूमि की उर्वरता और पर्यावरण को नुकसान होता है, जबकि वैज्ञानिक तरीकों से नरवाई प्रबंधन कर मिट्टी की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। सोइल हेल्थ कार्ड की उपयोगिता बताते हुए किसानों को अपनी भूमि की पोषक तत्व स्थिति के अनुसार फसल चयन और उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी गई। इसके अलावा ग्रीष्मकालीन दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने



के उद्देश्य से इनके लाभ, लागत और संभावित उत्पादन की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में भूसा मैनेजमेंट को लेकर भी किसानों को जागरूक किया गया, जिसमें भूसा संरक्षण, भंडारण और उपयोग के वैज्ञानिक तरीकों पर प्रकाश डाला गया। जैविक खेती को अपनाने पर बल देते हुए इसके दीर्घकालिक लाभ, कम लागत और बाजार में बेहतर मूल्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई। किसानों को जैविक हॉट बाजार की अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया गया कि इससे जैविक उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। साथ ही भूसा खरीदी केंद्र के अंतर्गत भूसा खरीदी व्यापारियों की भूमिका और प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जिससे किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अवधेश राय, प्रताप बग़री, अभिषेक कौसिक, अज़हर सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत बमोरा के सरपंच दामोदर राय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर किसानों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। अंत में किसानों ने कृषि रथ कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता की मांग की।

# सड़कें आवागमन का साधन ही नहीं, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का माध्यम भी

### संकल्प सिद्धि यात्रा के तहत 14.27 करोड़ से 10.15 किमी सड़कों का निर्माण शुरू





**बीना जागरण।** संकल्प सिद्धि यात्रा के अंतर्गत बीना विस क्षेत्र को सड़क विकास की बड़ी सौगात मिली है। लोक निर्माण विभाग संभाग सागर द्वारा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। इन परियोजनाओं पर कुल 14 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से 10.15 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्यों में बेलई से देहरी मार्ग (लंबाई 5.40 किमी, लागत 6 करोड़ 34 लाख 19 हजार) तथा भानगढ़ से खिरिया भगवती-आमखेड़ा मार्ग (लंबाई 4.75 किमी, लागत 7 करोड़ 93 लाख 4 हजार) शामिल हैं। भानगढ़ से खिरिया भगवती-आमखेड़ा मार्ग का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इस सड़क के निर्माण से भानगढ़, खिरिया भगवती, आमखेड़ा सहित आसपास के गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। किसानों को मंडी तक पहुंच सुगम होगी, विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय व्यापार को भी नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि बीना विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। उनका संकल्प है कि बीना विधानसभा का हर गांव पक्की सड़कों से जुड़े। पूर्व जिला अध्यक्ष एवं शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। कार्यक्रम में आशु तिवारी, मुकेश सैदपुर, शुभम तिवारी, पवन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश पटेल, जनबीर यादव, महामंत्री खिलान पटेल, क्षमादार पटेल, अजय कुमार गोस्वामी, सतीश पटेल, शशि कुशवाहा, सरपंच हरनाम अहिरवार, अंकित पंथी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से खराब सड़कों के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही थी। अब निर्माण शुरू होने से क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई मजबूती मिलेगी।

## न्यूज कार्नर

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2.55 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत

**छतरपुर** । म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 6 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 2.55 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही राजेंद्र लोधी पिता घनश्याम दास राजपूत निवासी पोस्ट बलकौरा ग्राम राजपुरवा को 30 हजार रुपए, देवेंद्र कुमार तिवारी पिता बाबूलाल तिवारी ग्राम मऊ जिला छतरपुर को 35 हजार रुपए, धन प्रसाद श्रीवास पिता घसीटे श्रीवास वार्ड नंबर 17 नाला पार खटीक मोहल्ला नौगांव को 35 हजार रुपए, रंजीत प्रजापति पिता चुनवाद वार्ड नंबर 4 बहादुरपुर को 40 हजार रुपए, रामकिंकर रिछारिया पिता घनश्याम दास रिछारिया को 50 हजार रुपए एवं महेश पटेल पिता सुरेश पटेल बक्सवाहा वार्ड नंबर 10 जिला छतरपुर को 65 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### बागेश्वर धाम में विवाह महोत्सव के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त

**छतरपुर** । अति. जिला मेजिस्ट्रेट छतरपुर ने आदेश जारी करते हुए बागेश्वर धाम ग्राम गढ़ा में आयोजित होने वाले कन्या विवाह महोत्सव के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किए है। साथ ही अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। आदेश में बताया गया कि बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा ग्राम गढ़ा, तहसील राजनगर में शिवरात्रि पर्व के अवसर पर 301 कन्याओं का विवाह महोत्सव एवं अन्य धार्मिक आयोजन 6 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक होना है। उक्त आयोजन में संत, कथाव्यास, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालू सम्मिलित होगें। जिसमें ग्राम में अत्यधिक भीड़ होने से अधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है। साथ ही आयोजन स्थल के विभिन्न प्रमुख स्थानों जैसे अन्नपूर्णा भंडारा स्थल, मंदिर प्रांगण, कथा मंच, दर्शक दीर्घा एवं पार्किंग स्थलों पर कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

### 30 हजार करोड़ के खनन घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

# करोड़ों के ग्रेनाइट खनन घोटाले में हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस, चार सप्ताह में मांगा जवाब

**छतरपुर । जिले में वैसे तो कई खनन घोटाले हो चुके हैं लेकिन 30 हजार करोड़ के ग्रेनाइट खनन घोटाले को हाईकोर्ट में चुनौती देकर दो आवेदकों ने सीबीआई जांच की मांग भी की है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की डबल बेंच के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने अनावेदकों को चार सप्ताह में जबाव प्रस्तुत करने को कहा है।**



आपको बता दें कि छतरपुर जिले के लवकुशनगर अनुभाग के अंतर्गत के ग्राम पंचायत भैरा के सरपंच शिवराम दीक्षित और दिलीप सिंह भदौरिया की ओर से एक जनहित याचिका हाईकोर्ट जबलपुर में दाखिल की गई थी। आवेदकों का आरोप है कि अनूपपुर जिले के कोतमा की मेसर्स किसान मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कई वर्षों से छतरपुर जिले के लवकुशनगर अनुभाग के अंतर्गत ग्राम मड़वा, सिलपतपुरा और आसपास के क्षेत्रों में ग्रेनाइट का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 1996 में बने म.प्र. लघु खनिज नियम लागू होने से पहले ही 1995 में जमीन का आवंटन मेसर्स किसान मिनरल्स को कर दिया गया था। बाद में नियम लागू होने पर जब टेंडर प्रक्रिया हुई तो सबसे अधिक बोली लगाने वाले को दर किनार कर निजी कंपनी को लाभ पहुंचाया गया।

याचिका में यह भी आरोप है कि इस पूरे मामले में राज्य खनन विभाग और मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम की मिलीभगत है याचिका में आरोप है कि कंपनी से 30 हजार करोड रूपये की वसूली रॉयल्टी और स्थानीय विकास शुल्क के रूप में की जानी है। लेकिन षड़यंत्र के तहत कंपनी के खिलाफ ठोस वसूली नहीं की जा रही है। दो बार वसूली के लिए कमेटी बनाई गई। लेकिन दोनों बार जांच नहीं हुई।

बुधवार को हाईकोर्ट की डबल बेंच में प्रारम्भिक सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई है कि इस मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। जिन-जिन लोगों को नोटिस जारी किये गये हैं उनमें खनिज श्रोत विभाग के सचिव, म.प्र. स्टेट माइनिंग कारपोरेशन के एमडी कलेक्टर छतरपुर व अन्य शामिल हैं।

वर्ष 2021 में जांच के बाद 19 करोड रूपये की रॉयल्टी निकाली गई थी जबकि हकीकत में 30 हजार करोड की रॉयल्टी थी। संबंधित विभाग के अधिकारियों का रवैया सही नहीं दिखाई दे रहा और उनकी मिलीभगत के कारण ही ये गड़बड़ी पैदा हुई है जिस पर पर्दा डाला जा रहा है।

# खड़े ट्रक में घुसी कार, पायलट ट्रेनिंग अकादमी के छात्र की मौत



**खजुराहो । खजुराहो में एक दर्दनाक सडक हादसे में पायलट ट्रेनिंग अकादमी के छात्र की मौत हो गई। हादसा सुबह 3 बजे के आसपास खजुराहो के होटल क्लार्क के नजदीक हुआ जिसमें दिल्ली नम्बर की मारूति कार पहले खंभे से टकराई उसके बाद खड़े ट्रक के नीचे घुस गई।**

इस हादसे में एक युवक की मौत के साथ तीन अन्य भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक छात्रा भी है। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है जबकि दो अन्य गंभीर घायलों को झांसी रिफर किया गया है। हादसे का कारण घना कोहरा बताया जा रहा है कार में सवार छात्रों के नाम श्रेयश कुमार सिंह पिता सुनील कुमार सिंह, नमन मुम्बई और श्रेष्ठ सोनी कोलकता पश्चिम बंगाल, रिया खत्री दिल्ली शामिल हैं।

# स्कॉर्पियो से शराब तस्करी करते रोहित राजा व राम राजा गिरफ्तार, 32 पेटी शराब भी जब्त

**छतरपुर । चौकी घुवारा थाना भगवा पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान टीकमगढ़ रोड में अवैध शराब तस्करी संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान बस स्टैंड के पास पहुंची। संदेह के आधार पर टीकमगढ़ तरफ से आ रही स्कार्पियो वाहन को रोका गया। वाहन में रखी 32 पेटी, मात्रा 288 लीटर अवैध शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियो कुल कीमत करीब 5 लाख रुपये जप्त की गई।**




अवैध शराब तस्करी में संलिप्त आरोपी रोहित राजा पिता कृष्ण प्रताप सिंह चौहान निवासी ग्राम पुतरी थाना महाराजपुर, रामराजा उर्फ कुंवर जी पिता धर्मेंद्र सिंह चौहान निवासी ग्राम बारो थाना बमनौरा को गिरफ्तार कर दोनों के विरुद्ध थाना भगवा में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया, अभियुक्त रोहित राजा अवैध हथियार एससी-एसटी अपराध में पूर्व से लिप्त है। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भगवा निरीक्षक कृपाल मार्को, चौकी प्रभारी घुवारा उप निरीक्षक मोहर सिंह सिकरवार, सहायक उप निरीक्षक शिवराम नायक, प्रधान आरक्षक केरल प्रसाद, आरक्षक हरि सिंह, ऋषिकेश, राजेश ठाकुर, रोहित घोषी एवं टीम की भूमिका रही।

# करंट फैलाकर शिकार करने वाला किसान गिरफ्तार

**नीलगाय की मौत एवं वन्य प्राणियों के शिकार के प्रयोजन से फैंसिंग तार मे करेंट डालने के मामले में आरोपियों को भेजा जेल**

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश में चल रहे ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप के अंतर्गत मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर वन मंडल अधिकारी ऋषि मिश्रा एवं उप वन मंडल अधिकारी नरेश पाटीदार के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बुद्ध सेन कोल के हमराह वन स्टाफ के द्वारा नौगांव के कैंट एरिया से लगे बजरिया गांव में नरेंद्र यादव के खेत में जांच की गई तो वन्य प्राणियों के शिकार के प्रयोजन से करेंट हेतु विद्युत तार से जीआई तार फैंसिंग से जुड़े हुए मिले। जिनको मौके से जप्त कर प्रकरण क्रमांक 752/16 दिनांक 31/01/2026 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया आरोपी मौके से फरार हो गया था जिसे वन स्टाफ द्वारा दिनांक 03/02/2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें माननीय न्यायालय के द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया. वहीं ग्राम महेबा के मदन टोर हार में कमल सिंह घोष के खेत में जांच की तो मादा नीलगाय मृत अवस्था में पाई गई और मौके पर जांच करने पर वन्य प्राणी के शिकार के प्रयोजन से खेत में करेंट हेतु विद्युत तार जीआईतार से जुड़े हुए पाए गए और वह घटना स्थल मिला जिसमें जप्ती की कार्यवाही करते हुए प्रकरण क्रमांक 752/17 दिनांक 01/02/2026 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें माननीय न्यायालय के द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी बुद्ध सेन कोल,वन क्षेत्रपाल अतुल पटेल, वनपाल बारेलाल कोंदर, वनपाल अशोक बादल, वनपाल मर्दन सिंह, वनरक्षक अंजुल सिंह परमार,वनरक्षक राजकुमारी प्रजापति, वनरक्षक चंद्रप्रकाश रैकवार, वनरक्षक देवेंद्र अहिरवार एवं वनरक्षक पवन कुमार शर्मा शामिल रहे.. उक्त कार्यवाही के तारतम्य में वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आसपास के गांवों में लोगों से विद्युत तार से करेंट या फंदा न लगाने की समझाइश दी गई।



वन परिक्षेत्र की ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप के तहत कार्यवाही

### मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाये जायेंगे सीसीटीव्ही कैमरे

# उदयपुर शिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**जागरण, गंजबासौदा।**

समीपस्थ ग्राम उदयपुर स्थित प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मेले में महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शनों हेतु परेशानी न हो इसके लिए वैरीकेट्स लगाकर अलग-अलग पंक्तियां लगा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला सहित आसपास के थानों से अतिरिक्त बल उदयपुर आ गया है। इस मेले में पुलिस विभाग द्वारा 20 सीसीटीव्ही कैमरों की मदद से पूरे मंदिर परिसर सहित मेला परिसर और पुलिस चौकी के आसपास का क्षेत्र अपनी निगरानी में रखा जाएगा। इसके लिए कंट्रोल रूम भी मंदिर परिसर में बनाया गया है। एसडीएम अनुभा जैन ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वैरीकेट्स के अंदर मेटिंग बिछाई गई है। साथ ही मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग के चौराहे पर 1200 वर्ग मीटर में टेंट लगाकर विश्राम स्थल भी बनाया गया है। मंदिर परिसर में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, पंचायत विभाग सहित 9 विभागों के अधिनस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। उदयपुर चौराहा से मंदिर परिसर तक मार्ग को नो व्हीकल जोन बनाया गया है, जिन दुकानदारों की दुकानें मंदिर के सामने हैं, वह अपनी घर की सीमा तक ही सामान रखकर विक्रय करेंगे। रोड पर दुकानदारी न करने के लिए पहले ही मुनादी करा दी गई है।





पेयजल पूर्ति के लिए भी वॉलेंटियर के साथ 30 टेंकर लगाए गए हैं, जो पूरे मंदिर परिसर के आसपास सहित वाहन पार्किंग स्थल और मेला परिसर में जल की पूर्ति को पूरा करेंगे। नगर पालिका के अस्थाई टॉयलेट्स भी मेला परिसर में रखे गए हैं। शिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उदयपुर स्थित भगवान नीलकंठेश्वर महादेव का अभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में कई श्रद्धालु नारियल को गर्भग्रह के आसपास ही फोड़ते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन द्वारा तैयारियां की हैं और गर्भग्रह के बाहर नारियल फोड़ने की व्यवस्था बनाई गई है, ताकि गर्भग्रह के पास से दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। साथ ही मंदिर परिसर में सफाई व्यवस्था के लिए भी विशेष रूप से जिम्मेदारी नगर पालिका को दी गई है।

### देर शाम होंगे महादेव थीम के सांस्कृतिक कार्यक्रम

राज्य शासन द्वारा इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर उदयपुर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर महादेव थीम के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें लोक गायन पूजा चौधरी, सती लीला नाट्य और भक्ति गायन की शानदार प्रस्तुतियां बुंदेलखंडी कलाकारों द्वारा दी जायेंगी। इनके आयोजन को लेकर भी प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। इस आयोजन को लेकर विद्युत विभाग को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि आयोजन के समय विद्युत कटौती न हो। इसके लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर भी उदयपुर में रखबा दिया गया है।

# सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों ने योग अभ्यास और प्राणायाम किया

**जागरण, गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम गंज में 5 फ़रवरी तक लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य डा .अनामिका प्रजापति के सफल निर्देशन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमारी रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के पंचम दिवस का प्रारंभ गांव में प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। इसके पश्चात स्वयं सेवकों द्वारा योगाभ्यास और प्राणायाम किया गया। उसके बाद सभी स्वयंसेवकों को परेड का अभ्यास करवाया गया। परियोजना कार्य में सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम गंज की साफ सफाई की व गाँव बालो को सफाई, स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। शिविर के पंचम दिवस के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश रघुवंशी, विशेष अतिथि त्रिलोक रघुवंशी तथा शुभम रघुवंशी, रौनक रघुवंशी एवं अमित जैन की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात् शिविर दर्पण का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि मुकेश रघुवंशी ने स्वयं सेवकों को विधिक साक्षरता का ज्ञान दिया और बच्चियों को अपने एनएसएस एनसीसी के अनुभव साक्षा किए। अमित जैन ने साइबर सुरक्षा साइबर सिक्योरिटी से संबंधित जानकारी प्रदान की। स्वयं सेवक सानिया ने नृत्य प्रस्तुति प्रस्तुत की। विशेष शिविर की शिविर नायिका सहिवा पठान रही। कार्यक्रम का सफल संचालन उन्नति मालवीय , मोनिका अहिरवार ने किया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त एनएसएएस अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी द्वारा किया गया।




### कुशवाहा समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**जागरण, गंजबासौदा।** अखिल भारतीय कुशवाह महासभा जिला विदिशा द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन गंज बासौदा में बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया जिसमें सबसे पहले भगवान श्री लवकुश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में आगे बढ़ाया गया। सभी अतिथि गण का स्वागत किया गया । कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा के साथ छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात युवक युवतियों का परिचय मंच से किया है।

# खाना देने गई भतीजी से चाचा ने किया दुष्कर्म

**जागरण, गंजबसौदा।** एक सगे चाचा ने खाना देने आई 10 वर्षीय भतीजी के साथ दुष्कर्म कर उसे झाड़ियां छोड दिया। गंभीर अवस्था में उसे विदिशा रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र से करीब 12 किलोमीटर दूर एक गांव में एक कलयुगी चाचा ने अपनी 10 वर्षीय भतीजी को उस समय दुष्कर्म का शिकार बनाया जव वह अपने दो छोटे भाइयों के साथ घर में अकेली थी, पीड़िता चाचा को खाना देने उसके घर गई थी घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे की बताई गई है। ग्रामीणों ने बताया कि नाबालिग पीड़िता के पिता सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे जो कि अभी भोपाल में भर्ती है।उसकी मां भी पिता के साथ ही थी, जिसके कारण नाबालिग अपने दो भाइयों के साथ घर में अकेली रह रही थी। आरोपित 23वर्षीय चाचा का घर नाबालिग के घर के सामने ही है। रात करीब 9 बजे भतीजी अपने चाचा को खाना देने गई थी। इसी दौरान चाचा उसे घर से बाहर झाड़ियों की तरफ ले जाते हुए दिखाई दिया। यह घटनाक्रम नाबालिग के 12 साल के भाई ने देखा।पुलिस ने आरोपी चाचा को किया गिरफ्तार करीब एक घंटे बाद जब बहन नहीं लौटी तो भाई ने झाड़ियों में जाकर देखा, जिसके बाद इस घटना का खुलासा हुआ। पड़ोसियों की मदद से शहर थाना पुलिस को रात करीब 11 बजे घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। करीब3 घंटे की मशक्कत के बाद रात को ही आरोपित को एक खेत से गिरफ्तार कर शहर थाने लाया गया। नाबालिग को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**कार्यालय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित, चिकलौद खुर्द, तहसील - गौहरगंज, जिला - रायसेन (म.प्र.)**

( पंजीयन क्रमांक/एआर/आरएसएन/60 दिनांक 22.10.1960 )
क्रमांक/2026/ दिनांक : 05.02.2026

**सूचना**

प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित, चिकलौदखुर्द, तहसील गौहरगंज, जिला- रायसेन के स्वामित्व एवं आधिपत्य के दो ट्रेक्टर पॉवरट्रेक एवं फार्मट्रेक कंडम हालत में जो कि सुंदरलाल आ. श्री गनपत सिंह एवं पार्वती बाई आ. दयाराम दोनों निवासी-धानधर, चिकलौदखुर्द, तहसील गौहरगंज, जिला-रायसेन उक्त दोनों ट्रेक्टर स्वामियों ने संस्था से ट्रेक्टर ऋण प्राप्त कर क्रय किये गये थे ऋण राशि संस्था को अदा नहीं करने पर संस्था द्वारा उक्त ट्रेक्टरों को जप्त कर लिया गया है जो वर्तमान में संस्था कार्यालय परिसर चिकलौदखुर्द पर खड़े है, को विक्रय किया जाना प्रस्तावित है, ट्रेक्टर जिस हालत में है, जैसी स्थिति में है, क्रयकर्ता को वाहन अपने हर्जे-खर्चे से उठाना होगा। वाहन का निरीक्षण कार्यालयीन समयावधि में दिनांक 13.02.2006 तक किया जाकर निविदा प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्त दोनों ट्रेक्टर को विक्रय/नीलाम किये जाने के संबंध में किसी संस्था या व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 26.02.2026 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं समयावधि बाह्य होने पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और उक्त दोनों ट्रेक्टर नीलामी पद्धति के आधार पर विक्रय कर दिया जावेगा ।
उच्चतम निविदाकर्ता को निविदा स्वीकृत करने के 03 दिवस के अंदर संपूर्ण राशि **प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित, चिकलौदखुर्द, तहसील गौहरगंज, जिला-रायसेन** के नाम डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराने के उपरांत ही वाहन क्रयकर्ता को ले जाने की अनुमति होगी उक्त दोनों ट्रेक्टरों का उपयोग जोत अथवा रोड पर उपयोग नहीं किया जावेगा। किसी प्रकार की विवाद की स्थिति में न्यायक्षेत्र उप पंजीयक, सहकारी संस्थायें, रायसेन म.प्र. तक सीमित रहेगा। निविदा स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रशासक के पास सुरक्षित है। नियम एवं शर्तें लागू।

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित, चिकलौद खुर्द, गौहरगंज जिला-रायसेन ( म.प्र. )**

# संपूर्ण भारत में एम्स सीआरई में प्रथम रैंक हासिल करने वाले प्रांजल जैन को किया सम्मानित

**जागरण, गंजबसौदा।** नवांकुर विद्यापीठ में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर उपस्थित अतिथियों में पूरे भारत में एम्स सीआरई-4- 2025 में (एआरई-1) रैंक हासिल करने वाले, डॉल्फिन के पूर्व छात्र प्रांजल जैन तथा रिपब्लिक डे परेड कैंप 2026 में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली नवांकुर की पूर्व छात्रा प्रज्ञा सक्सैना और एथलेटिक्स में नवांकुर का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र दर्शन शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने सरस्वती माता का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्रार्थना व राष्ट्रगान का गायन किया गया। छात्र कनक दुबे और खुशी जैन ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एम्स सीआरई-4- 2025 में प्रथम रैंक हासिल करने वाले डॉल्फिन के पूर्व छात्र प्रांजल जैन तथा कुमारी प्रज्ञा सक्सैना का नवांकुर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। पुष्प हार पहनाया गया, तालियॉ बजाकर अभिनंदन किया गया व स्मृति चिन्ह भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांजल जैन के अभिभावकगणों का भी विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। प्रांजल जैन ने अपने उद्बोधन में अपनी सफलता और प्रेरणा सूत्र के बारे में बताया।प्रज्ञा सक्सैना ने संबोधन में गणतंत्र दिवस परेड की स्मृतियों को सुनाया। तत्पश्चात हायर सेकेंडरी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट गायन, नृत्य, सामूहिक नृत्य आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉं दी गईं। इस अवसर पर कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों भूमि सोनी, निखिल कुशवाह, प्रिंस रैकवार, संजय विश्वकर्मा, वैष्णवी रघुवंशी, मोनिका प्रजापति, राधिका श्रीवास्तव व खुशी साहू तथा कक्षा के अनुशासित छात्र-छात्रा विवेक दांगी, मान्या दीक्षित, नीलम प्रजापति, सुमैया कुरेशी, महिमा सेन, दिव्यांशी बघेल, जाह्नवी रघुवंशी और भूमि रघुवंशी को पुरस्कृत किया गया।




इस दौरान शिक्षक विनय सोनी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालयीन स्तर पर अध्ययनकाल में आने वाली समस्याओं के बारे में समझाकर उनके निराकरण के बारे में समझाया। शिक्षक वैभव उपाध्याय ने हायर सेकेंडरी के पश्चात विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे- डिजाइनिंग कोर्स, जनर्लिज्म, ग्राफिक डिजाइन, फिल्म मेकिंग, बी फार्मा,नर्सिंग कोर्स आदि के बारे में जानकारी दी। रासेयो प्रभारी अभिषेक मिश्रा ने माता के महत्व पर एक गीत प्रस्तुत किया। संगीत शिक्षक लीलाधर शर्मा ने भी एक गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली,वरिष्ठ शिक्षक पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी, संदीप कुमार रावत, तपोवन शिक्षक ओपी श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शिक्षक शैलेंद्र कुमार पिंगले नवांकुर प्राथमिक विभाग, माध्यमिक विभाग, हाई स्कूल विभाग व हायर सेकेंडरी विभाग के सभी शिक्षक शिक्षिकाऐं भी उपस्थित थे। छात्र दिव्यांश सोनी छात्रा निमिषा तिवारी व शिक्षक संदीप कुमार रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया।

प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए परीक्षा संबंधी उपयोगी जानकारियॉं दी, समय पालन, संतुलित भोजन तथा परीक्षा काल में अपने आप को स्वस्थ रखने की हिदायत दी। विदाई के अवसर पर कई छात्र-छात्राऐं भावुक हो गए।अंत में हम होंगे कामयाब गीत का सामूहिक गायन हुआ।

## विद्युत पेंशनर्स संघ की बैठक 8 को

**जागरण, इटारसी ।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा इटारसी की महत्वपूर्ण मासिक बैठक आगामी 8 फरवरी दिन रविवार को आयोजित की गई है। पेंशनर्स हित रक्षक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष दिनेश दुबे बताया कि यह बैठक शाम 4 बजे पुरानी इटारसी के सोमवारा बाजार स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में होगी। बैठक में पेंशनर्स की ज्वलंत समस्याओं और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

## मंडी में 17 हजार 476 क्विंटल अनाज की आवक

**जागरण विदिशा ।** गुरूवार को अनाज मंडी 17 हजार 476 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 7 हजार 275 क्विंटल धान की आवक रहा। जो कि 1598 रुपए से लेकर 4172 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 450 से 5770 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 4500 से 6307 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 2850 से 6455 रुपए क्विंटल के भाव वहीं गेंहू 2150 से 2820 के भाव रहा और करीब 546 किसानों ने अपने अनाज का बिक्रय किया।

## न्यूज कार्नर

### बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत तीन बच्चे मिले

**विदिशा ।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोड़ा के मार्गदर्शन में जिले में संचालित बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए भिक्षावृत्ति कर रहे तीन बच्चों को रेस्क्यू किया। कार्रवाई के दौरान दुर्गा नगर चौराहा से एक बच्चा तथा बस स्टैंड विदिशा से दो बच्चों को भिक्षावृत्ति करते पाया गया। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे सभी सालामतपुर के निवासी हैं और विदिशा शहर में भिक्षावृत्ति करने आए थे। भिक्षावृत्ति करते पाए गए सभी बच्चों को नियमानुसार बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी विदिशा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति अध्यक्ष रामबाबू प्रजापति, सदस्य चंद्रभान सिंह बघेल, दीवान सिंह एवं सुनीता दांगी द्वारा बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें समिति के समक्ष बुलाया गया। परिजनों को समझाइश दी गई कि भिक्षावृत्ति करना एवं बच्चों से भिक्षावृत्ति कराना किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम की धारा 76 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उन्हें बच्चों को भिक्षावृत्ति में न लगाने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए निर्देशित किया गया। आवश्यक समझाइश देने के बाद बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### रामलीला में भारत कांटा दंगल आज

**विदिशा ।** श्री महाकाल अखाड़ा छालदिवाली के उस्ताद खेमचन्द अहिरवार द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस भी भारतीय कुश्ती कला के नियमों के अनुसार रामलीला मेला ग्राउड में आज शुक्रवार को रावण वध के दिन भारत कांटा दंगल का आयोजन किया जायेगा। इसमें विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज, शमशाबाद, लटेरी, बीना, सागर, हरदा, देवास आदि के अलावा जिले के समस्त पहलवानों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें सभी विजयी पहलवानों को नगद राशी के अतिरिक्त शील्ड एवं मैडल से सम्मानित किया जायेगा। साथ ही हारने वाले पहलवानों को किराया खर्चा भी दिया जाएगा। सभी पहलवाना एवं गणमान्य नागरिकों से अपील है कि नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम में अपना अर्थिक सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाए, ताकि हमारी भारतीय संस्कृति को बचाया जा सके।

## कोतवाली पुलिस ने दो सूने घर में हुई चोरी का किया पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

# कार में घूमते और सूने घरों के तालों पर रहती थी नजर, दो कार सहित चोरी के जेवरात जब्त

जागरण विदिशा



पिछले कुछ दिन पूर्व कोतवाली थानोंतर्गत दो सूने घरों में हुई चोरी के मामले पुलिस को सफलता हासिल हुई है। इन वारदातों के तीन आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किए और इनके पास से लगभग 2.5 तोला सोना, 200 ग्राम चांदी, 15 हजार नगदी सहित घटना में प्रयुक्त दो कारें जब्त की है। कुल मशरूका करीब 20 लाख रुपए का जब्त हुआ है। पुलिस के मुताबिक आरोपी गलियों व सड़कों पर कारों से घूमते थे कार के अंदर से ही सूने घर एवं उनमें लगे तालों पर नजर रखते थे और फिर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर में एक वारदात 29 जनवरी 2026 को कृष्णधाम कॉलोनी, मेन हॉस्पिटल के पास स्थित सूने मकान में हुई इस वारदात में अज्ञात आरोपियों द्वारा सोने का मंगलसूत्र, तीन छोटे पेंडल, सोने की गुरिया, कान के झाले एवं ताबीज, चांदी की पायल (एक जोड़ी), पाँच चांदी के सिक्के, एलईडी टीवी एवं 0,000 रुपए नगदी की चोरी हुई जिस पर रिपोर्ट दर्ज की गई इसी तरह दूसरी घटना इससे पूर्व 1 जनवरी 2026 को बरईपुर हनुमान मंदिर के पास स्थित सूने मकान में हुई जहां से चोर सोने के 15 मोती, एवं 5,000 रुपए नगदी चुरा ले गए थे। इस वारदात की भी रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 70/26 धारा 303(4), 305(ए) बीएनएस एवं अपराध क्रमांक 79/26 धारा 303(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस के मुताबिक एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सूने घरों में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया गया।

### इन तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, कारें व चोरी का माल जब्त

पुलिस ने इस कार्रवाई में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें शिवम शर्मा, उम्र 24 वर्ष, निवासी तलैया मोहल्ला, विदिशा, हरिनारायण पंथी, उम्र 47 वर्ष, निवासी बरईपुरा चौराहा, विदिशा एवं आर्यन कटारे, उम्र 22 वर्ष, निवासी बंटी नगर, विदिशा शामिल है। वहीं इनके पास से करीब 20 लाख 50 हजार मूल्य का मशरूका जप्त किया गया है। इसमें 2.5 तोला सोना, 200 ग्राम चांदी, 15 हजार नगदी सहित घटना में प्रयुक्त दो कारें जब्त की गई। बरामद मशरूका 31 सोने की गुरिया, 4 जोड़ी चांदी की पायल, 4 जोड़ी चांदी की बिछुड़ी, 5 चांदी के सिक्के, 15,000 रुपए नगदी, एक टाटा नेक्सन कार (अनुमानित कीमत 14 लाख), एक अल्टो कार (अनुमानित कीमत 2 लाख रुपए। इनमें आभूषण व नगदी की अनुमानित कीमत 4 लाख 50,000 रुपए। इस तरह कुल बरामद मशरूका मूल्य करीब 20 लाख 50,000 रुपए जब्त होना माना गया है।

### पुलिस टीम को ऐसे मिली सफलता

मिली जानकारी के प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा 165 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखें गए एवं तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना एवं 110 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की गई और साक्ष्यों के समुचित विश्लेषण के बाद पुलिस ने आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। इस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, एसआई गौरव रघुवंशी, प्रधान आरक्षक अमित सक्सेना, जितेंद्र खटीक, आरक्षक संदीप जाट, अजय सिकरवार, राघवेंद्र सिकरवार, निलेश धाकड़ एवं शिशुपाल सिंह दांगी की सराहनीय भूमिका रही।

### कार में रखते थे ताला तोड़ने का सामान



कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि आरोपी कार में ताला तोड़ने का सामान रखते थे। सड़कों व गलियों में घूमते थे और कार में ही बैठकर ताला लगे सूने घरों को चिन्हित कर इन वारदातों को अंजाम दिया था। कार से चोरी में उपयुक्त सामान भी जब्त किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी तरह की अगर कोई संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तत्काल नज़दीकी थाना अथवा डायल-112 पर सूचना दें। आपकी यह सतर्कता अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## कैंसर दिवस पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

जागरण विदिशा

शासकीय गर्ल्स कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेज यूनिवर्सिटी भोपाल से वक्ता के तौर पर डॉ. एन गणेश डीन एवं को.ऑर्डिनेटर शिवम चौरसिया भी उपस्थित हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में कार्यक्रम का संयोजन इको क्लब प्रभारी श्रीराम आशीष यादव ने किया। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर एक ज्वलंत समस्या है जिससे डरना नहीं लड़ना होगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व कैंसर दिवस की मुख्य थीम यूनाइटेड बाय यूनीक पर आधारित था जिसमें कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना, उसको लेकर डर और भ्रांति कम करना, स्वास्थ्य एवं जीवनशैली में सुधार करना है तथा हर मरीज को सही और इलाज के लिए प्रयास करना है। डॉ. एन गणेश ने महाविद्यालय की छात्राओं को कैंसर के कारणों, लक्षणों और रोकथाम के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की एवं अपने आस पास सभी लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन सह संयोजक नीतू दांगी ने किया तथा सचिव डॉ. शांता अहिरवार, सदस्य गजेंद्र राजपूत एवं विजयश्री जायसवाल ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉक्टर राजुला अल्बर्ट, डॉक्टर विनीता प्रजापति एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा साथ ही कार्यक्रम की बहुत सराहना की।

## श्रीरामलीला में आज 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

**रावण वध लीला के चलते वाहनों के मार्ग रहेंगे परिवर्तित**

जागरण विदिशा

एतिहासिक रामलीला मेले में शुक्रवार को रावण वध की लीला का मंचन होगा। इस दौरान 51 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया जाएगा। इस लीला मंचन एवं मेले में दर्शनार्थियों की अधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए शाम 4 बजे से रावण दहन लीला होने तक सभी प्रकार के वाहनों हेतु मार्ग परिवर्तित किए हैं।

मालूम हो कि शहर में रामलीला मेले का यह 125 वां वर्ष है। हर वर्ष की तरह मकर संक्रांति से यह मेला शुरू हुआ जिसमें रामलीला का चलित मंचन भी हर वर्ष की तरह जारी है और रामलीला का यह आयोजन 9 फरवरी तक जारी रहेगा। इसी के तहत शुक्रवार को सुना युद्ध, माया दर्शन, श्रीराम रावण युद्ध एवं रावण वध की लीला का मंचन होगा। जिसमें रावण का विशाल पुतले का दहन किया जाएगा एवं दो घंटे तक आतिशबाजी का भी मुकाबला होगा।

**यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था:-** रावण दहन में आने वाले आम जनमानस के लिए पार्किंग व्यवस्था मेला परिसर के दोनों गेट पर की गई है उसके अतिरिक्त पशु बाजार ग्राउंड जानकी कुंड के सामने पार्किंग की जा सकेगी।

### यह रहेगी वाहनों के लिए मार्ग व्यवस्था

इधर पुलिस यातायात पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को शाम 4 बजे से रावण दहन आयोजन को ध्यान में रखते हुए दो पहिया , तीन पहिया एवं चार पहिया एवं समस्त भारी वाहनों के आवागमन के लिए मार्ग परिवर्तित किए गए है। इसके अनुसार अशोकनगर, गुना से भोपाल की ओर जाने वाले समस्त वाहन भारी वाहन ढोलखेड़ी से बैरसिया होते हुए भोपाल जाएंगे एवं भोपाल, सागर से अशोकनगर, गुना की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन एनएच 146 पर स्थित ओलंपस स्कूल के सामने से ढोल खेड़ी होते हुए जाएंगे। विवेकानंद चौराहा से रामलीला, ढोलखेड़ी की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के तीन पहिया , चार पहिया वाहन महलघाट , मीणा धर्मशाला होते हुए ढोलखेड़ी की ओर जाएंगे। गुना, अशोकनगर एवं ढोलखेड़ी से विदिशा की ओर आने वाले समस्त तीन पहिया चार पहिया वाहन मीणा धर्मशाला से महलघाट होते हुए विदिशा की ओर जाएंगे। पुरानी गल्ला मंडी, जतरापुरा की ओर से आने वाले समस्त भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

## बेतवा नदी व नालों की स्थिति देखी, बनेगी योजना

### नमामि गंगे परियोजना के तहत केंद्र सरकार की विशेषज्ञ टीम ने किया निरीक्षण

जागरण विदिशा



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत शुक्रवार को भारत सरकार की एक विशेषज्ञ टीम बेतवा नदी के विस्तृत सर्वेक्षण हेतु विदिशा पहुंची। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्त बनानेए जल गुणवत्ता सुधारने तथा दीर्घकालिक संरक्षण के लिए समेकित योजना तैयार करना है।

विशेषज्ञ टीम द्वारा बेतवा नदी में मिलने वाले प्रमुख नालों जैसे चोरघाट नाला, गौशाला नाला एवं पीलिया नाला स्थल निरीक्षण एवं तकनीकी सर्वे किया गया। टीम ने इन नालों से नदी में पहुंचने वाले अपशिष्ट, प्रदूषण के स्रोतों तथा उनके उपचार की संभावनाओं का गहन अध्ययन किया। इसके अतिरिक्त बेतवा नदी और बैस नदी का भ्रमण कर जल गुणवत्ता, प्रदूषण स्तर और संरक्षण की संभावनाओं का विस्तृत आकलन किया गया।

निरीक्षण के दौरान शहर में संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी अवलोकन किया। भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नए एसटीपी स्थापित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने, नालों के उपचार तथा सीवेज प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। नदी शुद्धिकरण, वृक्षारोपण और तटों के सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों की संभावनाओं को लेकर नगर पालिकाए भूमि अभिलेख विभागए जल संसाधन विभाग एवं जिला पंचायत के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया। बेतवा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में विशेषज्ञ टीम के बीच विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। निर्णय लिया गया कि एक वृहद एवं समेकित परियोजना तैयार की जाएगी, जिसके लिए डीपीआर डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट निर्माण हेतु भारत सरकार की टीम फील्ड में निरंतर कार्य करेगी।

इस विशेषज्ञ दल में सियाम खान मुआन गुइटे निदेशक, जल संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, दुश्यंत सिंह चुंडावत, परियोजना प्रबंधक राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकारय तथा सुनील कुमार पर्यावरण अभियंता, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार शामिल रहे।

## वर्ल्ड कप जीतकर लौटी इशिका तिरंगे के साथ खुली जीप में निकली

### खेल प्रेमियों सहित शहर के कई संगठनों ने किया भव्य स्वागत

जागरण कुरवाई



शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप जीतकर भारत को विश्व विजेता बनाने वाली विदिशा की बेटी इशिका मीणा के शहर लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली इशिका की इस उपलब्धि से न केवल विदिशा बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और शहरवासियों ने ढोल.नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ इशिका का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद रेलवे स्टेशन से शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक जुलूश निकाला गया। खुली जीप में तिरंगा लेकर चल रहीं इशिका के आगे स्कूली बच्चों का बैंड और ढोल बजते रहे। वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। जगह.जगह व्यापारिक संगठनोंए सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों ने फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया।

जुलूश नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुई बरईपुरा चौराहा पहुंचा। जहां इशिका की आरती उतारी गई और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वी टीच स्कूल प्रबंधन द्वारा मंच पर इशिका और उनके कोच जितेंद्र बघेल का सम्मान किया गया। इशिका मीणा महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की पूर्व छात्रा हैं। वर्तमान में वे बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से बीपीईएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद बीपीएड कर रही हैं। साथ हीए वे एक स्कूल में कोच के रूप में बच्चों को खेल प्रशिक्षण भी दे रही हैं। इशिका अब तक 7 सीनियर, 3 जूनियर और 2 सब.जूनियर सहित कुल 11 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। दिल्ली में आयोजित द्वितीय शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में भारत ने नेपाल को हराकर खिताब जीता थाए जिसमें मुख्य अटैकर के रूप में इशिका की भूमिका निर्णायक रही।

इशिका के घर पर भी सुबह से स्वागत की तैयारियां चल रही थीं। घर को सजाया गया और पकवान बनाए गए। घर पहुंचने पर परिवार ने आरती उतारकर और मिठाई खिलाकर बेटी का स्वागत किया। इशिका की बड़ी बहन रागनी मीणा ने बताया कि बचपन से ही इशिका पढ़ाई में होनहार रही हैं और खेलों के प्रति उनकी लगन शुरू से ही अलग रही है। परिवार ने हर कदम पर उसका पूरा सहयोग किया।

## भैरव बाबा मेला रामलीला में लक्ष्मण को लगी शक्ति, हनुमान लाए संजीवनी बूटी

जागरण नटेरन



भैरव बाबा के प्रसिद्ध मेले में अध्यक्ष रामलीला मेला समिति ओपी श्रीवास्तव के निर्देशन में चल रही रामलीला में विभीषण शरणागति रामेश्वरम स्थापना अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति का मार्मिक प्रस्तुतीकरण बांके बिहारी आदर्श रामलीला मंडली वृंदावन द्वारा हुआ। लीला के संवाद को रोचक ढंग से किया गया। लीला अनुसार ओपी श्रीवास्तव ने बताया कि विभीषण अपने भाई रावण से अपमानित होकर श्रीराम की शरण में जाते हैं। श्रीराम ने उन्हें ह्रदय से लगाया यह नहीं सोचा कि ये शत्रु का भाई है इसके बाद राम समुद्र के किनारे पहुंच कर भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए रामेश्वरम स्थापना की ।

इसके बाद भगवान ने समुद्र पर पुल बनाया समुद्र तट पार कर वानर सेना लंका पहुंची। फिर श्रीराम ने रावण के पास अपना दूत बनाकर अंगद को भेजा। अंगद ने रावण को समझाया कि अपना भला चाहते हो तो माता सीता को लौटा कर भगवान श्रीराम की शरण में आ जाओ। इस पर रावण क्रोधित हो जाता है तब रावण को चुनौती देते हुए कहा कि अगर तुम्हारी सेना में कोई शूरवीर हो तो केवल मेरा पैर हिला कर बताए।

तत्पश्चात अंगद ने रावण की सभा में अपने स्वामी श्रीराम के प्रताप से पदारोपण किया। जिस रावण की सेना के बड़े.बड़े महारथी नहीं उठा पाए जिसे रावण ने उठाने की चेष्टा की तब रावण अंगद के व्यंग्य बाणों से लज्जित हुआ। वहीं श्रीराम सुग्रीव जामवंत हनुमान आदि बलशाली वानरों को लंका पर चढ़ाई का आदेश देते हैं। राक्षसों वानरों में घमासान युद्ध होता है राक्षस मारे जाते हैं रावण यह समाचार सुनकर अपने पुत्र इंद्रजीत मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजता है। मेघनाथ लक्ष्मण पर वीर घातनी शक्ति का प्रयोग करता है उस शक्ति के प्रताप से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। श्री राम लक्ष्मण को मूर्छित देख विलाप करते हैं। इसके हनुमानजी लंका से वैध सुषेण को घर सहित उठा लाते हैं। वैध के आदेश पर पवनपुत्र हनुमान द्रोणागिरी पर्वत पर संजीवनी बूटी लेने जाते हैं औषधि ना पहचान ने पर पूरा पर्वत उठा लाते हैं संजीवनी बूटी को लक्ष्मण को पिलाकर उनकी जान बचाते हैं।

## ई-टोकन : उर्वरक लेने फार्मर आईडी जरूरी अप्रैल से बिना आईडी नहीं मिलेगा

जागरण विदिशा

किसानों को उर्वरक वितरण में पारदर्शिताए सुगमता और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश में ई.टोकन आधारित उर्वरक वितरण प्रणाली लागू की गई है। जिला विदिशा मंल यह व्यवस्था विगत खरीफ मौसम से प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है। नई प्रणाली होने के कारण प्रारंभिक चरण में कुछ किसानों को तकनीकी व प्रक्रियात्मक समस्याओं का सामना करना पडा, किंतु अब व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित व सुदृढ़ किया जा रहा है। इस नई प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक प्राप्त करने के लिए कृषकों के पास फार्मर आईडी का होना अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एक अप्रैल 2026 से बिना फार्मर आईडी के किसी भी किसान को उर्वरक का वितरण नहीं किया जाएगा। अतः सभी किसानों से आग्रह है कि वे अपनी फार्मर आईडी समय रहते तैयार करवा लें।

जिन किसानों की फार्मर आईडी में उनके सभी खसरे, सर्वे नंबर दर्ज नहीं हैं वे तत्काल संबंधित जानकारी अपडेट करवाएं। जिन किसानों की भूमि विभिन्न विकासखंडों या अन्य जिलों में स्थित है, वे भी अपने सभी सर्वे नंबरों को एक ही फार्मर आईडी से लिंक कराएंए ताकि भविष्य में उर्वरक प्राप्ति या अन्य कृषिगत प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। ज्ञातव्य है कि आगामी खरीफ मौसम से विभिन्न शासकीय कृषिगत योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी फार्मर आईडी का उपयोग अनिवार्य किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय हेतु ई.उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन, बोई गई फसल का सत्यापन तथा एग्रीस्टेक से जुड़ी अन्य प्रक्रियाएं भी फार्मर आईडी के माध्यम से ही संपादित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे अपने सभी सर्वे नंबर दर्ज कर शीघ्र फार्मर आईडी बनवाएं एवं अपडेट कराएंए जिससे शासकीय योजनाओं और उर्वरक वितरण का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।

## डीमार्ट के विरोध में पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन का तीसरे दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

# विरोध: व्यापारियों ने गले में डाला फांसी का फंदा

जागरण विदिशा



डी.मार्ट के विरोध में छोटे और मझोले व्यापारियों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। पावर डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के नेतृत्व में व्यापारियों ने विरोध जताते हुए गले में फांसी का फंदा डालकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप है कि डी.मार्ट जैसे बड़े रिटेल स्टोर खुलने से छोटे दुकानदार पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि विदिशा जैसे छोटे शहर में डी.मार्ट को अनुमति देना हजारों व्यापारियों और उनके परिवारों के भविष्य पर सीधा हमला होगा।

धरने में शामिल मनोज पंजवानी ने कहा कि देश के कई शहरों में मॉल खुलने के बाद छोटे व्यापारी पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं। गली.मोहल्लों की दुकानों से लोगों का रिश्ता होता है। मॉल खुलेंगे तो ग्राहक वहां चला जाएगा और हमारा व्यापार चौपट हो जाएगा। हमने सांकेतिक फांसी लगाई है, वही हाल कल छोटे व्यापारियों का होगा। यह आंदोलन सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य का सवाल है। भारतीय उद्योग एवं व्यापार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि बड़े मॉल न केवल व्यापार को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि भारतीय बाजार संस्कृति को भी समाप्त कर रहे हैं। पहले मॉल केवल महानगरों तक सीमित थे, लेकिन अब वे तेजी से छोटे शहरों की ओर विस्तार कर रहे हैं। छोटे शहरों में दुकानदार और ग्राहक के बीच पारिवारिक संबंध होते हैं, जिन्हें ये बड़ी कंपनियां खत्म कर रही हैं।

जैन ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2002 में डी.मार्ट के केवल दो मॉल थे, जबकि वर्तमान में इनकी संख्या 600 से अधिक हो चुकी है। रिलायंस और अन्य कंपनियों के मॉल हजारों की संख्या में मौजूद हैं। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे स्थानीय दुकानों से खरीददारी करके भारतीय संस्कृति, स्थानीय बाजारों और छोटे व्यापारियों को जीवित रखने में सहयोग करें। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में मॉल खोलने पर प्रतिबंध लगाया जाए। इसके अलावा, एमआरपी की तर्ज पर न्यूनतम खुदरा मूल्य कानून लागू किया जाए और बड़ी कंपनियों को सिंगल खरीद पॉइंट का लाभ न दिया जाए। प्रदर्शन के दौरान व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन, राजेश जैन, आशीष मोदी, मनोज पंजवानी, चेतन बलेचा, विवेक शर्मा, वासुदेव धनवानी, ज्योति जैन, रवि तलरेजा, महिपाल राजपूत, संजय चौधरी, राधेश्याम माहेश्वरी, नवल किशोर शास्त्री, आशीष महेश्वरी संगठन के महामंत्री नरेन्द्र धनवानी सहित व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रवीण कुमार जैन पुत्र श्री धन्नालाल जैन निवासी मोहल्ला खरीफाटक विदिशा के अधिकार एवं स्वामित्व का एक मकान स्थित खरीफाटक पुराना वार्ड क्रं. 28 एवं नया वार्ड क्रं. 21 तहसील व जिला विदिशा में एक आवासीय मकान जिसके भूखण्ड 18 फिट वाय 30 फिट जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा पूर्व विक्रेता खेमराज शर्मा पुत्र श्री वल्देव प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम चक ककरूआ तहसील व जिला विदिशा से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1489 दिनांक 14/07/1987 एवं उक्त मकान से लगकर दूसरा मकान स्थित है जिसके भूखण्ड 18 फिट वाय 30 फिट को मेरे पक्षकार ने पूर्व विक्रेता मोतीलाल पुत्र यादराम निवासी ककरूआ तहसील व जिला विदिशा से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 2289 दिनांक 20/12/1989 से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया था और विधिवत नगर पालिका दस्तावजों में अपने नाम से नामांतरण करा लिया है उपरोक्त दोनों मकान मेरे पक्षकार के अधिकार एवं स्वामित्व की हर प्रकार के ऋण भार से पाक व साफ सम्पत्ति है यदि उपरोक्त सम्पत्ति से संबंधित कोई भी बैंक संस्था अथवा व्यक्ति का उपरोक्त मकानों पर किसी भी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया है या अपना किसी भी प्रकार का कोई हक अधिकार रखता हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के अपनी आपत्ति दर्ज करे 7 दिवस की समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतः सूचित हो।

इति दिनांक 06/02/2026

भवदीय- नितिन दांगी एडवोकेट
विदिशा (म.प्र.) मो. 9827690660